आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

मुख्य समाचार''

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदेश के पांच दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रवास के दौरान कल करेंगी अटल टनल रोहतांग का दौरा।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज कांगड़ा में कांग्रेस पार्टी के विशेष प्रशिक्षण शिविर में लेंगे भाग– स्थानीय निकाय चुनावों पर भी होगी चर्चा।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर कानून व्यवस्था को ध्वस्त करने का लगाया आरोप।
- प्रदेश के अनेक भागों में आज और कल वर्षा होने की संभावना–गर्मी से मिलेगी राहत।

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हिमाचल प्रदेश के पाँच दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रवास पर कल शिमला पहुँची। वे छराबड़ा स्थित सरकारी आवास रिट्रीट में ठहरी हैं। राष्ट्रपति आज लोक भवन में राज्यपाल द्वारा आयोजित रात्रि भोज में शामिल होंगी। उनका कल अटल टनल रोहतांग का दौरा करने का कार्यक्रम है। इस दौरान वे सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगी और ऐतिहासिक सुरंग को लेकर जानकारी प्राप्त करेंगी। हमारे लाहौल स्पीति ज़िला संवाददाता ने बताया कि राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए हैं और प्रशासन ने लोगों के लिए विशेष एडवाईज़री जारी की है।

लाहौल–स्पीति में प्रस्तावित राष्ट्रपति दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त एडवाइजरी जारी की है। प्रशासन के अनुसार, 29 अप्रैल को सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल से सिस्सू तक का पूरा मार्ग पूरी तरह बंद रहेगा। इस दौरान सभी प्रकार के वाहनों और पैदल आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगा। केवल वही वाहन और अधिकारी इस मार्ग से गुजर सकेंगे, जिनके पास प्रशासन द्वारा जारी वैध पास होगा। जिला प्रशासन ने आम लोगों और पर्यटकों से अपील की है कि इस अवधि में अनावश्यक यात्रा से बचें और पुलिस व प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि आवश्यक सेवाएं इस दौरान जारी रहेंगी। आकाशवाणी के लिए लाहौल से मैं सुरेंद्र कुमार।

राष्ट्रपति 30 अप्रैल को कांगड़ा जिला के पालमपुर स्थित चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगी।

मुख्यमंत्री

कांग्रेस पार्टी का दस दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर कांगड़ा में आयोजित किया जाा रहा है। इस शिविर में पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 30 अप्रैल को शिरकत करेंगे। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में आज भाग लेंगे। उनका पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर स्थानीय निकाय चुनावों पर चर्चा कर रणनीति बनाएंगे।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर कानून व्यवस्था को ध्वस्त करने का आरोप लगाया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है और आए दिन जघन्य अपराध की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि अपराधियों के मन में पुलिस और कानून का कोई भय नहीं रह गया है जो चिंता का विषय है। जयराम ठाकुर ने कहा कि शांत और देवभूमि के नाम से विख्यात हिमाचल प्रदेश में अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस इन घटनाओं पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है।

अनिरूद्ध सिंह

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के तहत निर्विरोध चुनी जाने वाली पंचायतों को विधायक निधि से 15 लाख रूपए की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास और आपसी सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने के मकसद से ये फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हाल ही में पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद स्तर पर सभी पदाधिकारियों के निर्विरोध चुने जाने पर संबंधित संस्थाओं की अनुदान राशि को डेढ़ से सात गुणा तक बढ़ाया है।

चुनाव

राज्य चुनाव आयोग ने शिमला जिला के रोहड़ू नगर परिषद और नारकंडा नगर पंचायत में चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के मुताबिक दोनों निकायों में 22 मई को मतदान होगा। 5 से 7 मई तक नामांकन पत्र भरे जाएंगे जबकि 8 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार 11 मई को दोपहर तीन बजे तक अपना नाम वापिस ले सकेंगे।

कार्यस्थल सुरक्षा और स्वास्थ्य दिवस

आज विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस है। इस दिवस का उद्देश्य कार्यस्थल पर होने वाली दुर्घटनाओं और बीमारियों की रोकथाम करना, जागरूकता बढ़ाना और एक सकारात्मक सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देना है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने वर्ष 2003 में कार्यस्थल पर दुर्घटनाओं और बीमारियों की रोकथाम पर बल देने के लिए इस दिवस को मनाना शुरू किया। इस वर्ष का विषय अच्छा मनोसामाजिक कार्य वातावरण– श्रमिकों की उन्नति और मजबूत संगठन का मार्ग पर केंद्रित है। यह

विषय तनाव, अत्यधिक थकान और उत्पीड़न जैसे मनोसामाजिक जोखिमों की रोकथाम पर प्रकाश डालता है।

## मौसम

प्रदेश में बीते कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बाद आज राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में बादल छाए हैं। मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश भागों में वर्षा होने का अनुमान लगाया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक शुभम कटियार के अनुसार अनेक क्षेत्रों में ओलावृष्टि, आंधी और तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है।

## उपायुक्त चंबा

चंबा जिला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने अधिकारियों को अपने—अपने कार्यक्षेत्र सहित स्कूलों और कॉलेजों में चिट्टा व अन्य मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए ठोस व प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। चंबा में नार्को समन्वय समिति की बैठक में उन्होंने जिले में नशीली दवाओं व मादक द्रव्यों की रोकथाम व कार्यतंत्र को मजबूत बनाने पर बल दिया। पुलिस अधीक्षक विजय सिंह सकलानी ने बैठक में बताया कि जिले में नशा विरोधी अभियान के तहत इस वर्ष अब तक 38 मामले दर्ज किए गए हैं।

## आदर्श स्वास्थ्य संस्थान

मंडी जिला के करसोग स्थित नागरिक चिकित्सालय अब एक आदर्श स्वास्थ्य संस्थान के रूप में उभरकर सामने आया है। आधुनिक सुविधाओं, विशेषज्ञ डॉक्टरों और डिजिटल सेवाओं के चलते मरीजों को बेहतर इलाज स्थानीय स्तर पर ही मिल रहा है।

इसी का परिणाम है कि अस्पताल ने कायाकल्प अवार्ड में पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है, जिसके लिए 5 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई है। वहीं, मंडी जिला में पीएचसी चुराग को पहला स्थान मिलने पर 2 लाख रुपये का इनाम मिला है। अस्पताल में आईसीयू, वेंटिलेटर, डिजिटल एक्स—रे और जल्द शुरू होने वाली सीटी स्कैन जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जबकि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, डिजिटल पर्ची और टोकन सिस्टम से सेवाएं और अधिक सुगम और पारदर्शी बनी हैं। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपाल चौहान ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह सफलता पूरी टीम, प्रशासन और क्षेत्रवासियों के सहयोग का परिणाम है, और आगे भी स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार सुधार जारी रहेगा।

अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। पंजाब केसरी की खबर है रोहड़ू में प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के जश्न के बीच चली गोली, महिला की मौत। इसी खबर पर अमर उजाला और दैनिक जागरण का लगभग एक जैसा शीर्षक है धार्मिक कार्यक्रम के बीच हर्ष फायरिंग में महिला की मौत, हत्या का केस दर्ज–दो गिरफ्तार।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है सीबीएसई स्कूलों में नियुक्त होंगे शिक्षक, सैलरी तीस हजार।

मुख्यमंत्री के हवाले से दिव्य हिमाचल लिखता है आरडीजी बंद कर केंद्र ने छीना हिमाचल के लोगों का हक।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है पंचायतों की वोटर लिस्ट तैयार, सभी उपायुक्तों ने राज्य चुनाव आयोग को भेजी रिपोर्ट।

मौसम पर दैनिक जागरण के शब्द हैं गर्मी पर राहत की फुहार, तीन से चार डिग्री गिरेगा तापमान।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदेश के पांच दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रवास के दौरान कल करेंगी अटल टनल रोहतांग का दौरा।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज कांगड़ा में कांग्रेस पार्टी के विशेष प्रशिक्षण शिविर में लेंगे भाग– स्थानीय निकाय चुनावों पर भी होगी चर्चा।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर कानून व्यवस्था को ध्वस्त करने का लगाया आरोप।
- प्रदेश के अनेक भागों में आज और कल वर्षा होने की संभावना–गर्मी से मिलेगी राहत।